कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 05.10.2024

// प्रेस विज्ञप्ति //

सेक्टर स्तरीय महिला बास्केट बॉल में गर्ल्स कॉलेज पुनः विजेता

रूंगटा महाविद्यालय आर-1 कोहका भिलाई द्वारा आयोजित सेक्टर स्तरीय अन्तरमहाविद्यालयीन महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता में शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग का सेमी फाईनल मैच शासकीय विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग के साथ हुआ जिसमें शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग ने 75-03 से एक तरफा परास्त कर फाईनल में प्रवेश किया। महाविद्यालय की रितिका निषाद, डी. कीर्ति, ज्योति प्रजापति, डी. अनुषा, डी. अश्वनी ने अच्छे खेल का प्रदर्शन किया।

फाईनल मैच में शासकीय कन्या महाविद्यालय दुर्ग ने सुराना महाविद्यालय दुर्ग को 68-33 से 35 अंको के बड़े अन्तर से परास्त कर लगातार पन्द्रह वर्ष से विजेता बने रहने गौरव प्राप्त किया। रूंगटा महाविद्यालय द्वारा विजेता ट्राफी एवं मेडल प्रदान किया गया।

महाविद्यालय की टीम इस प्रकार थी – रितिका निषाद (कप्तान), ज्योति प्रजापति, डी. अनुषा, डी. कीर्ति, डी. अश्वनी, अर्चना निषाद, जन्नत अली, हीना कौसर, ए. अर्चना एवं टीम मैनेजर डॉ. ऋतु दुबे।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल, क्रीड़ा समिति के संयोजिका डॉ. सुषमा यादव, डॉ. लता मेश्राम, ने महाविद्यालय की इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों को बधाई दी।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)